@shahjahanpurpol

प्रेस नोट सराहनीय कार्य दिनाँक 01.09.2023

72 घण्टे के अन्दर शिकायतकर्ता के साथ की गई साइबर ठगी के 29,946/- रु कराये गये वापस, साइबर क्राइम सेल की तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही से शिकायतकर्ता के खाते से धोखाधडी कर ऑनलाइन फ्रॉड कर ट्रांसफर किये गये 29946/- रुपये कराये गये वापस, शिकायतकर्ता ने दिया धन्यवाद।

श्री प्रदीप वर्मा पुत्र श्री तेजराम निवासी ग्राम जल्लापुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दिनाँक 25/08/2023 को NCRP पोर्टल पर एवं दिनाँक 26/08/2023 को पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र दिया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनाँक 25.08.2023 को रात्रि करीब 12:00 बजे फोन किया गया कि मैं तुम्हारा रिश्तेदार बोल रहा हूँ, अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कहा गया कि वह अभी अस्पताल में है और तुम्हारे खाते में 20,000/- रुपये डाल रहा हूँ जिसका मैसेज शिकायत कर्ता के मोबाइल पर आया किन्तु पैसे नहीं आये, जब शिकायतकर्ता द्वारा उसे दोबारा फोन किया गया तो उसने कहा कि अभी नेटवर्क नहीं आ रहे है शिकायतकर्ता उपरोक्त के साथ धोखाधडी कर उसके इन्डियन बैंक के खाते से 29,946/- रु0 की आनलॉइन धोखाधडी कर UPI के माध्यम से ट्रांसफर करा लिये गये है।

श्री पी0सी0 मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक बरेली, जोन बरेली एवं डा0 राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बरेली, परिक्षेत्र बरेली महोदय के निर्देशन में, श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा शिकायतकर्ता उपरोक्त से साथ आनलाइन फ्रॉड की इस घटना को गम्भीरता से लिया गया तथा श्री संजीव कुमार वाजपेई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में श्री रीतेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी साइबर क्राइम सेल के नेतृत्व में साइबर सेल टीम को साइबर ठगी की घटना में संलिप्त अपराधियों की विशेष निगरानी एवं साइबर क्राइम से ठगे गये लोगों को उनकी धनराशि वापस कराये जाने के सम्बन्ध में कडे दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में श्री प्रदीप वर्मा उपरोक्त की प्राप्त शिकायत का साइबर क्राइम सेल टीम द्वारा तत्परता से संज्ञान लिया गया तथा शिकायतकर्ता के बैंक डिटेल्स एवं टेक्नीकल डेटा प्राप्त कर गहनता से छानबीन करने पर शिकायतकर्ता के 29,946 रु0 का ऑनलाइन ट्रांजक्शन जिस बैंक खाते में किया गया था उस बैंक खाते के सम्बन्धित बैंक के अधिकारियों से सम्पर्क करते हुये शिकायतकर्ता के इन्डियन बैंक के खाते से ऑनलाइन फ्रॉड कर ट्रांसफर कराये गये 29,946/- रुपये साइबर क्राइम सेल शाहजहाँपुर द्वारा तत्परता से वापस कराये गये।

शाहजहाँपुर पुलिस की साइबर सेल द्वारा की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता पूर्ण रुप से संतुष्ट होकर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

जागरुक रहे-सजक रहे, साइबर अपराध से सुरक्षित रहे।

पुलिस टीम का विवरण:-

1-निरीक्षक श्री रीतेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी साइबर क्राइम सेल शाह0

2-हे0का0 राजुल कुमार साइबर क्राइम सेल शाह0

3-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम सेल शाह0

4-काँ0 अखिलेश कुमार साइबर क्राइम सेल शाह0

5-काँ0 विक्रान्त देओल साइबर क्राइम सेल शाह0